आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

14.07.2024 समय : 1850

- उप–राज्यपाल एडमिरल डी.के.जोशी ने नई दिल्ली में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन और केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से मुलाकात कर द्वीपसमूह से संबधित कई मुद्दों पर बातचीत की।
- गीत–संगीत, नृत्य और भरपूर मनोरंजन के साथ दो दिवसीय मानसून पर्यटन उत्सव का आज समापन हो रहा है।
- मुख्य सचिव केशव चन्द्र ने कहा कि अंडमान निकोबार प्रशासन द्वीपों में शतरंज के प्रचार–प्रसार के लिए हर संभव सहयोग देगा।
- द्वीपसमूह के कई भागों में वर्षा हुई।

<><><><><><><>

उप–राज्यपाल एडमिरल डी.के.जोशी ने नई दिल्ली में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उप–राज्यपाल ने उन्हें लगातार दूसरी बार वित्तमंत्री का पद्भार संभाले जाने पर शुभकामनाएं देते हुए उनकी सफलता की कामना की। उप–राज्यपाल ने लौंग आइलैंड, एविज़ आईलैंड, स्मिथ आईलैड और शहीद द्वीप के लिए पर्यटन, आथित्य परियोजनाओं के सम्बंध में पी पी ए सी अनुमोदन शीघ्र देने का अनुरोध किया जिसके लिए कोडल गतिविधियां पूरी कर ली गई है और अब निविदा के लिए तैयार है। उप–राज्यपाल ने प्रशासन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय कनटेनर शिपमेंट टर्मिनल, दो नए ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट और एटलांटा–बे में डीप वॉटर पोर्ट और बड़ी मात्रा मे उच्च दर्जे के होटलों की बुनियादी ढ़ांचा परियोजनाओं की भी जानकारी दी जिसे जल्द ही लॉन्च किया जाना है। उप–राज्यपाल ने द्वीपसमूह को एक पसंदीदा वैश्विक निवेश गणतव्य के रूप में स्थापित करने के लिए वित्तीय, बैंकिंग, कर पहलू पर विचार करने का प्रस्ताव रखा।

<><><><><><><>

द्वीपों के उप–राज्यपाल एडमिरल डी.के.जोशी ने नई दिल्ली में केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से मुलाकता की। मुलाकात के दौरान उप–राज्यपाल ने उन्हें बधाई देते हुए सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी। एडमिरल डी के जोशी ने मुख्यभूमि से दूरी और बहुत बड़े क्षेत्र में कम जनसंख्या घनत्व की विचित्र गतिशीलता को देखते हुए मुख्यभूमि पर रेफरल मामलों को कम करने के लिए द्वीपसमूह में बुनियादी ढ़ांचे, स्वास्थ्य सेवा, परिवार कल्याण योजनाओं, विशेष चिकित्सा सेवाओं और बहु विशेषज्ञों की नियुक्ति के लिए विशेष उपाय करने का अनुरोध किया।

<><><><><><><>

गीत–संगीत, नृत्य और भरपूर मनोरंजन के साथ दो दिवसीय मानसून पर्यटन उत्सव का आज समापन हो रहा है। कार्बाइन्स कोव तट पर आज उत्सव के दूसरे दिन भी खेलकूद के कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। साहसिक गतिविधियों में लोगों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। मुख्य सचिव केशव चन्द्र स्वंय इस उत्सव में नेतृत्व करते दिखाई दिए उन्होंने भी दोस्ताना वॉलीबॉल मैच में हिस्सा लिया। खान–पान के स्टॉल भी लगाए गए जिसमें तरह–तरह के व्यंजन लोगों को परोसे गए और लोगों ने भी इसका लुत्फ उठाया। स्थानीय हस्तशिल्प के सामानों की बिक्री के लिए भी स्टॉल लगाए गए, सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया। मुख्यभूमि के साथ–साथ स्थानीय कालाकार भी गीत–संगीत और नृत्य के माध्यम से लोगों का मनोरंजन कर रहे हैं। द्वीपसमूह को पूरे साल पर्यटक गणतव्य के रूप में विकसित करने के लिए अंडमान निकोबार प्रशासन की ये एक सराहनीय पहल है।

<><><><><><><>

उपभोक्ता कार्य विभाग ने पैकेटबंद वस्तुओं में समानता बनाए रखने के लिए लीगल मेट्रोलॉजी (पैकेज्ड कमोडिटीज) नियम, दो हजार ग्यारह में संशोधन का प्रस्ताव किया है। संशोधन में ऑफ़लाइन और ऑनलाइन दोनों प्लेटफार्मों पर खुदरा बिक्री के लिए प्री–पैकेज्ड वस्तुओं की सभी जानकारी घोषित करना अनिवार्य करने का प्रस्ताव है। उपभोक्ता कार्य मंत्रालय ने कहा कि संशोधन से पैकेटबंद वस्तुओं के लिए समान मानक स्थापित करने में मदद मिलेगी, जिससे विभिन्न ब्रांडों और उत्पादों में स्थिरता और निष्पक्षता को बढ़ावा मिलेगा। मंत्रालय ने कहा है कि नए नियम औद्योगिक उपभोक्ताओं या संस्थागत उपभोक्ताओं के लिए पैकटबंद वस्तुओं पर लागू नहीं होंगे।

<><><><><><><>

मुख्य सचिव केशव चन्द्र ने कहा कि अंडमान निकोबार प्रशासन द्वीपों में शतरंज के प्रचार–प्रसार के लिए हर संभव सहयोग देगा। वे कल अंडमान निकोबार चेस एसोसिएशन द्वारा आई.टी.आई परिसर डॉलीगंज में आयोजित राज्य शतरंज चैम्पीयनशिप के उद्घाटन अवसर पर अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस खेल के लिए मानसिक संतुलन, सीखने की चाहत, एकाग्रता और समर्पण की आवश्यकता होती है। इस टूर्नामेंट में पांच वर्ष से लेकर अडसठ वर्ष आयु वर्ग तक के खिलाड़ियों का भाग लेना यह दर्शाता है कि खेलों में भाग लेने के लिए उम्र कोई बाधा नहीं है। उन्होंने कहा कि शतरंज वास्तव में भारत से उत्पन्न हुआ है और यह गर्व की बात है कि अब तक आधुनिक शतरंज टूर्नामेंट के इतिहास में हम अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने में सक्षम रहें है जो राष्ट्रीय और देश स्तर पर एक छोटी उपलब्धि नहीं है। अंडमान निकोबार द्वीपसमूह एक छोटा केंद्रशासित प्रदेश होने के बावजूद भी पीछे नहीं है और लगातार इस खेल में प्रगति कर रहा है। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के महासचिव देव पटेल ने कहा कि इस केंद्रशासित प्रदेश के खिलाड़ी शतरंज में अच्छा प्रदर्शन कर रहें है। द्वीपों में शतरंज खिलाड़ी का अनुपात एक हज़ार लोगों में एक है जो भारत में सबसे अधिक है और मुख्यभूमि के किसी भी अन्य राज्य से बेहतर है। उन्होंने द्वीपों में शतरंज के आगे विकास के लिए अखिल भारतीय शतरंज महासंघ से समर्थन का आश्वासन दिया।

इससे पहले मुख्य अतिथि और अन्य उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए चेस एसोसिएशन के अध्यक्ष सी.एस अशोक ने कहा कि युवाओं के मन में इस खेल के प्रति रूचि उत्पन्न करने के लिए स्कूलों, कॉलेजों और युवा क्लबों सहित संस्थानों के साथ जुड़कर इसे बढ़ावा दिया जा रहा है। टूर्नामेंट के शीर्ष बीस खिलाड़ियों को पचास हज़ार रूपए का नगद पुरस्कार के अलावा लड़के और लडकियों के विभिन्न आयु वर्ग की श्रेणी में शीर्ष तीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को ट्राफी प्रदान की जाएगी।

<><><><><><><>

लेफ्टिनेंट कमांडर रियाज़ फारूख ने एन सी सी की नौसेना इकाई के कमांडिग ऑफिसर का पद्भार संभाल लिया है। उन्होंने लेफ्टिनेंट कमांडर अंकित पंत का स्थान लिया है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िला परिषद् की शिक्षा और सामाजिक न्याय समिति की अध्यक्षा वी. के मरियम बीबी और होपटाउन पंचायत प्रधान रशीदा बीबी ने मुख्य पत्तन प्रशासक डॉ. प्रशांत कुमार से मुलाकात कर पानीघाट जेट्टी के पुनःनिर्माण के सम्बंध में बातचीत की। मुख्य पत्तन प्रशासक ने इस दिशा में अच्छी तरह से सर्वेक्षण करने और बाद में एसटिमेट तैयार कर पुनः निर्माण करने का आश्वासन दिया।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कई भागों में वर्षा हुई। पोर्ट ब्लेयर में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक उनहत्तर दशमलव नौ मिलीमीटर, मायाबंदर में अडतीस, ननकौडी में अटठाईस दशमलव चार, लौग आईलैंड में सत्ताईस दशमलव दो, हटबे में पच्चीस दशमलव दो, कार निकोबार में बीस और वायुसेना केन्द्र कार निकोबार में अटठारह मिलीमीटर वर्षा हुई। खराब मौसम और तेज़ हवाओं को देखते हुए मछुआरों को अटठारह जुलाई तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>

भारत रत्न के.कामराज की जयंती के अवसर पर कल ब्रुक्शाबाद स्थित कामराज अंग्रेज़ी माध्यम स्कूल में कार्यक्रम आयोजित होगा। सुबह साढ़े आठ बजे कार्यक्रम की शुरूआत होगी।

<><><><><><><>